E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.- 9453590179

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 1988 / कार्या0अ / 364 दिनांक – 06/11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में प्रकाशित शीर्षक "भाटपाररानी की कई ग्राम सभाओं में जल योजना अधूरीः कहीं टंकी का काम पूरा नहीं, कही पाइप लाइन के बाद भी घरों तक नहीं पंहुचा पानी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में "भाटपाररानी की कई ग्राम सभाओं में जल योजना अधूरीः कहीं टंकी का काम पूरा नहीं, कही पाइप लाइन के बाद भी घरों तक नहीं पंहुचा पानी" शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना हेतु पेयजल आपूर्ति संचालित कराने सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड भाटपाररानी के कुबेरूआ, मेदीपुर व कटाई टीकर पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण कराकर पानी की जलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

देवकरन पे0यो0 पर नलकूप का कार्य पूर्ण कर करा दिया गया है, जिसमें शिरोपरि जलाशय 75 प्रतिशत, पाइप लाइन 60 प्रतिशत व गृह संयोजन 25 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो गया है तथा पम्प हाऊस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य होना शेष है।

हरपुर पेयजल योजना पर नलकूप, पम्प हाउस व बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो गया है तथा पाइप लाइन का कार्य 75 प्रतिशत व गृह संयोजन 75 प्रतिशत कार्य करा दिया गया है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। समस्त कार्य माह मार्च, 2027 तक समस्त कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

विशुनपुरा पे0यो0 समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए Soil Testing का कार्य किया जा रहा है। Soil Testing का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित सहा0अभि0 / जूनि0इंजी0।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) को योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता